सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल/मुक्तेश्वर 18 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) मंगलवार को नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुक्तेश्वर स्थित सरगाखेत में मधुवन होमस्टे का भ्रमण किया। उन्होंने होमस्टे में बने स्थानीय उत्पादों की भी जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल ने स्थानीय होटल और होमस्टे संचालकों से उनके व्यवसाय में आ रही चुनौतियों और समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र में पानी की समस्या से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र फल पट्टी के रूप में विकसित है लेकिन आसपास मंडी नहीं होने के कारण हल्द्वानी जाना पड़ता है, उन्होंने क्षेत्र में एक मंडी की शाखा खोलने का भी अनुरोध किया। लोगों ने आसपास की लिंक रोड़ की मरम्मत के लिए भी अनुरोध किया गया।

राज्यपाल ने उपरोक्त सभी समस्याओं के उचित समाधान का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि मुक्तेश्वर का यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। यहां वर्ष भर पर्यटकों की आमद रहती है, इसको मध्य नजर रखते हुए इस क्षेत्र में अधिक से अधिक सुविधाएं दिए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में होमस्टे के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। होमस्टे योजना पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को होमस्टे में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कहा कि होमस्टे के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के अंतर्गत लोगों को जो भी समस्याएं आ रही है उनका समाधान करने की कोशिश की जाए। इस अवसर पर सीडीओ अशोक कुमार पांडेय, एसडीएम कृष्ण नाथ गोस्वामी, पर्यटन अधिकारी अतुल उप्रेती, होमस्टे संचालक दिलाबर सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

............0............